**प्रेस नोट, जालौन पुलिस**

**दिनांक – 28.05.2025**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम, कोतवाली कोंच पुलिस टीम की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान 01 घायल शातिर अभियुक्त व उसके साथी को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत सर्राफा की दुकान में हुई डकैती की घटना के माल बांटबारे के रुपये, अवैध असलाह व कारतूस, बाईक बरामद ।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 15.05.2025 को कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत स्थित नवीन ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर 05 नाम पता अज्ञात बदमाशों ने लूट की घटना कारित की थी । जिसके संबन्ध में वादी श्री संजीव कुमार सोनी पुत्र जगदीश चन्द्र (नवीन ज्बैलर्स ) निवासी पटेल नगर कोतवाली कोंच जनपद जालौन की तहरीर के आधार कोतवाली कोंच पर मु0अ0सं0-113/2025 धारा 310(2) बीएनएस बनाम 05 व्यक्ति नाम व पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था ।

उक्त घटना के संबन्ध में दिनांक 26/27-05-2025 की रात्रि में एसओजी/सर्विलांस टीम, कोतवाली कोंच पुलिस टीम की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान 03 घायल शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था जिनके कब्जे से कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती की घटना का माल, अवैध असलाह व कारतूस बरामद हुये जिसके संबन्ध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत विधिक कार्यवाही की गयी थी ।

तीनों अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में अपने 03 अन्य साथियों के साथ कोंच मे ज्वैलर्स की दुकान में डकैती कारित करने की घटना के संबन्ध में बताया गया था । शेष अन्य तीन अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जनपद की 05 पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थी तथा उक्त अभिय़ुक्तगण की तलाश हेतु स्थानीय मुखबिर मामूर किए गए थे । जरिये मुखविर खास सूचना मिली कि सर्राफा डकैती की घटना में वांछित 02 अभियुक्तगण मोटरसाईकिल से 28/29-05-2025 की रात्रि में बाहर जाने वाले हैं जिसके संबन्ध में जनपद के सभी बार्डर एरिया पर नाकाबन्दी कर सघन चेकिंग की जा रही थी तभी समय करीब 22:55 बजे कोतवाली कोंच क्षेत्रान्तर्गत जुझारपुर से शामी जाने वाले नहर पटरी से चमेर जाने वाले तिराहे के पास एक मोटर साइकिल पर 02 संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार को एसओजी, सर्विलांस टीम व प्रभारी निरीक्षक कोंच की संयुक्त टीम द्वारा रुकने के लिये आवाज दी गयी तो अभियुक्तों द्वारा मोटरसाईकिल को कच्चे रास्ते से ले जाकर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से 02 राउण्ड फ़ायरिंग की गई जिसमें टीम बाल-बाल बची । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फ़ायरिंग की गई जिसमें 01 संदिग्ध अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया तथा एक संदिग्ध अभियुक्त द्वारा आत्मसमर्पण कर दिया गया पूछताछ में घायल व्यक्ति द्वारा अपना अजय उर्फ गोलू कुशवाह पुत्र राजेंद्र कुशवाह घायल उम्र 24 वर्ष तथा दूसरे ने अपना नाम रामू पुत्र चतुर सिंह कुशवाह गिरफ्तार उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम व थाना कैलिया बताया है । मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया । अभियुक्तगण के पास से 02 अवैध शस्त्र, 02 अदद जिंदा व 02 खोखा कारतूस, 01 अदद मोटरसाइकिल, 1800/- रुपये बरामद हुए है ।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में अभियुक्त रामू द्वारा बताया गया है कि हम लोगों ने दिनांक 15.05.2025 को अपने सभी 06 साथियों के साथ कस्बा कोंच मे सर्राफा की दुकान से डकैती की घटना कारित की थी तथा हम तीन- तीन लोगों के मध्य डकैती के सामान का बंटवारा हुआ था जिसमें हम तीन लोगों को 03 में से 01 सिंहासन चांदी जैसी सफेद धातु बजन के अनुसार मिला था। जिसे हमारे एक तीसरे साथी ने ले लिया तथा बदले में 2,000-2,000/- रुपये हम लोगों के हिस्से में आये थे। जिससे हम लोगों ने कुछ रूपये खर्च कर लिए थे। आज जब हम लोगों को जानकारी हुई कि हमारे 03 साथियों को पुलिस ने पकड़ लिया है तो पुलिस से बचने के लिये हम दोनों लोग मोटरसाईकिल से बाहर जा रहे थे।

अभियुक्तगण के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानों व सीमावर्ती जनपदों से की जा रही है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा उक्त पुलिस टीम को 25,000/- रुपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। शेष 01 अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 05 टीमें रवाना हैं।

**नाम पता अभियुक्तगण-**

1- अजय उर्फ गोलू कुशवाह पुत्र राजेंद्र कुशवाह घायल उम्र 24 वर्ष

2-रामू पुत्र चतुर सिंह कुशवाह गिरफ्तार उम्र 19 वर्ष

**बरामदगी विवरण-**

1- 02 अदद तमंचा 315 बोर, 04 अदद जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर

2- 1800/- रुपये

4- 01 अदद बाईक स्पलेण्डर बिना नम्बर।

**पुलिस टीम**

1- प्रभारी निरीक्षक कोंच मय पुलिस टीम

2- प्रभारी एसओजी, सर्विलांस मय टीम।

3- थाना कैलिया मय पुलिस टीम

4- क्राईम ब्रान्च टीम जनपद जालौन